जे एस पी एल फाउंडेशन लाकडाउन में पहुंच रही जरूरतमंदों के गांव

पहुंचा रहा मास्क व राशन सामग्री

रायगढ़ @ किरणभूत

कोरोना वायरस संक्रमण कोविड- 19 पर अंकुश लगाने देश भर में चल रहे लोकडाउन के चलते रोजी रोटी कर जीवनयापन कर रहे लोगों को मदद पहुंचाने जे एस पी एल फाउंडेशन अंचल के गाँव तक पहुंच घरों में दस्तक देकर जरूरत मंदों को सूखा राशन पहुंचाकर अपनी मानवीय सामाजिक जिम्मेदारियो का बखूबी निर्वहन कर रही है। इस पहल से अब तक लगभग 1330 लोगों को सुखा राशन व 1778 लोगों तक मास्क पहुंचाई जा चुकी है ।

कोरोना संकट में पूरा देश जंहा लाकडाउन में सहयोग देकर घरों में रहते हुए अपनी एकजुटता का परिचय दे रहा है वंही जे एस पी एल फाउंडेशन इस कठिन दौर में गांव गांव जाकर जरूरतमंदो तक राशन सामग्री के साथ साथ मास्क पहुँचा रही है । जिसके अंतर्गत अब तक ग्राम गोरखा, नवीन सराईपाली,कलमी, उच्चभिट्ठी, चिराइपानी, बरमुडा,कोसमपाली,

बरमुडा आदि 10 ग्रामों में राशन सामग्री उपलब्ध करवा चुकी है । लागतार 10 दिनों से चल रहे इस राहत अभियान से अब तक 296 परिवार के 1330 लोग लाभान्वित हो चुके है और इसके साथ ही संक्रमण से बचाव हेतु 1778 लोगों को मास्क उपलब्ध कराया जा चुका है ।

गौरतलब है कि देश भर में24 मार्च से कोरोना के रोकथाम को लेकर चल रहे लाकडाउन के चलते हो रही परेशानी से निजात दिलाने जरूरत मंदों को इस राहत के अंतर्गत दाल, चांवल, चना, सोयाबीन , तेल, आलू, प्याज, हल्दी,साबून सहित आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है । गांव में लोगों को



राशन वितरण के दौरान वंहा के सरपंच , उपसरपंच , पार्षद एवं सी एस आर के उपमहाप्रबन्धक सिसिर तरफदार के साथ उनकी टीम उपस्थित रहती है। इस दौरान सोसल डिस्टनसिंग के नियमों का पालन शासन के मापदंडों के अनुकूल किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि लाकडाउन के पूर्व आसपास के सभी ग्रामों में जागरूकता वैन के माध्यम से लोकगीतों व पाम्पलेट पोस्टर के साथ लोगों को जागरूक किया गया तथा स्वयम की स्वच्छता , बार बार हाथ धोने व घर पर ही रहने की अपील भी की जा चुकी है । वही आगे में भी इस महामारी से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों में जे एस पी एल फाउंडेशन हरसंभव योगदान देना जारी रखेगी।'